Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 10 | सजीव—विशेषताओं का अन्वेषण

**QUIZ PART-04**

1. **किसी जीव के जीवन में होने वाले परिवर्तनों की क्रमबद्ध प्रक्रिया क्या कहलाती है?**
   A. प्रकाश संश्लेषण
   B. जीवन-चक्र
   C. उत्सर्जन
   D. अंकुरण (B)

*व्याख्या :* जन्म से वृद्धि, जनन और मृत्यु तक होने वाले क्रमबद्ध परिवर्तनों को जीवन-चक्र कहते हैं।

2. **मच्छर के जीवन-चक्र का सही क्रम कौन-सा है?**
   A. अंडा → प्यूपा → लार्वा → वयस्क
   B. लार्वा → अंडा → वयस्क → प्यूपा
   C. वयस्क → प्यूपा → अंडा → लार्वा
   D. अंडा → लार्वा → प्यूपा → वयस्क (D)

*व्याख्या :* मच्छर का जीवन-चक्र अंडे से शुरु होकर लार्वा, प्यूपा और वयस्क अवस्था तक जाता है।

3. **मच्छर सामान्यतः अपने अंडे कहाँ देता है?**
   A. स्थिर पानी में
   B. सूखी मिट्टी में
   C. पेड़ों की शाखाओं पर
   D. गर्म रेत में (A)

*व्याख्या :* मच्छर प्रायः स्थिर पानी की सतह पर अंडे देता है।

4. **मच्छर की कौन-सी अवस्था पानी की सतह पर नली की सहायता से साँस लेती है?**
   A. अंडा
   B. प्यूपा
   C. लार्वा
   D. वयस्क (C)

*व्याख्या :* मच्छर का लार्वा पानी में रहता है और सतह पर उपस्थित नली से वायु ग्रहण करता है।

5. **मच्छर के प्यूपा की सही विशेषता क्या है?**
   A. वह भूमि पर दौड़ता है
   B. वह कम सक्रिय होकर पानी की सतह के पास तैरता है
   C. वह तुरंत अंडे देने लगता है
   D. वह भोजन के लिए उड़ता है (B)

*व्याख्या :* प्यूपा अधिक सक्रिय नहीं होता और पानी की सतह के निकट तैरता रहता है।

6. **स्थिर पानी पर मिट्टी का तेल छिड़कने से मच्छर के लार्वा और प्यूपा क्यों मर जाते हैं?**
   A. तेल की परत उन्हें वायु ग्रहण करने से रोकती है
   B. तेल पानी को जमा देता है
   C. तेल उन्हें वयस्क बना देता है
   D. तेल पानी का तापमान शून्य कर देता है (A)

*व्याख्या :* तेल पानी की सतह को वायु से अलग कर देता है, जिससे लार्वा और प्यूपा साँस नहीं ले पाते।

7. **रेशम कीट के जीवन-चक्र का सही क्रम कौन-सा है?**
   A. प्यूपा → अंडा → लार्वा → वयस्क
   B. लार्वा → वयस्क → अंडा → प्यूपा
   C. अंडा → वयस्क → प्यूपा → लार्वा
   D. अंडा → लार्वा → प्यूपा → वयस्क (D)

*व्याख्या :* रेशम कीट भी अंडा, लार्वा, प्यूपा और वयस्क की चार अवस्थाओं से गुजरता है।

8. **मेंढक के अंडों के समूह को क्या कहते हैं?**
   A. कोकून
   B. प्यूपा
   C. जलांडक
   D. बीजावरण (C)

*व्याख्या :* जेली जैसे पदार्थ में समूह के रूप में तैरते मेंढक के अंडों को जलांडक कहा गया है।

9. **टैडपोल की प्रमुख विशेषता क्या है?**
   A. उसके पंख और फेफड़े होते हैं
   B. उसकी पूँछ और गलफड़े होते हैं
   C. वह केवल भूमि पर रहता है
   D. वह अंडे देता है (B)

*व्याख्या :* टैडपोल पानी में रहता है, पूँछ से तैरता है और गलफड़ों से श्वसन करता है।

10. **फ्रॉगलेट में होने वाला प्रमुख परिवर्तन क्या है?**
    A. उसकी पूँछ धीरे-धीरे सिकुड़ती है और वह कूदना शुरु करता है
    B. उसमें पंख विकसित होते हैं
    C. वह प्यूपा में बदलता है
    D. उसके पैर समाप्त हो जाते हैं (A)

*व्याख्या :* टैडपोल के पैर विकसित होने और पूँछ सिकुड़ने पर फ्रॉगलेट बनता है, जो आगे वयस्क मेंढक बन जाता है।